मूक पशुओं का इलाज एवं सेवा महान कार्य
अच्छे चिकित्सक बनने के साथ अच्छे इंसान भी बने – डॉ. जुयाल

आज नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर में सत्र 2017-18 में जबलपुर महाविद्यालय से उत्तीर्ण बी.व्ही.एस.सी एवं ए.एच. के 60 छात्र-छात्राओं को कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई गई।

<u>माननीय कुलपति ने दिलाई शपथ</u> – समारोह में माननीय कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल ने शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि आपने परमपिता परमेश्वर को साक्षी मानकर शपथ ली है कि आप अपने वैज्ञानिक ज्ञान का उपयोग पशुओं के स्वास्थ्य, पशु स्त्रोत के सरंक्षण, जन स्वास्थ्य की उन्नति एवं पशुपालकों की आर्थिक स्थिति में सुधार हेतु करेगें एवं इसे जीवन पर्यन्त निभायेंगे। आपको उत्तम चिकित्सा करने के साथ-साथ पशुपालक से अच्छा व्यवहार भी करना है। यदि आप उत्तम चिकित्सा के साथ उत्तम व्यवहार नहीं करते तो निश्चित रूप से आप एक कुशल चिकित्सक नहीं बन सकते। आपको नई-नई तकनीकों द्वारा पशुओं का इलाज करना है।

<u>पशुपालक की आय को दुगना करना लक्ष्य हो</u> – डॉ. जुयाल ने कहा माननीय प्रधानमंत्री द्वारा कृषकों एवं पशुपालकों की आय दोगुना करने की जिम्मेदारी भी आप सभी की है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.आर.पी.एस.बघेल ने कहा कि आपको पशुपालकों की आर्थिक स्थिति सुधारने हेतु बहुत कार्य करना है। युवा पीढ़ी पर ही सबकी आशायें एवं उम्मीदें हैं। इसी को ध्यान में रखते हुये उनकी उम्मीदों को पूरा करें।

इंटर्नशिप इंचार्ज डॉ.ओ.पी.श्रीवास्तव ने कहा कि आज आपकी 5 साल की मेहनत का फल मिल रहा है। आपको जीवन पर्यन्त सीखना है एवं नई-नई तकनीकों का विकास करना है जिससे इलाज का खर्चा कम हो जाये।

कार्यक्रम में डॉ. एस.के. नायक, डॉ. आर.के. शर्मा, डॉ. पी.सी. शुक्ला, डॉ. गिरधारी दास, डॉ. एच.एस. सिंह, डॉ. ए.के. गौर सहित समस्त प्राध्यापकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आभा बरारे एवं आभार प्रदर्शन डॉ. ऋषभ चुग ने किया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर